Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Good Governance Day Celebrated at CUH

Newspaper: Jagat Kranti **Date: 26-12-2021**

सुशासन दिवस के रूप में मनाया अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिन

महेन्द्रगढ़/ईश्वर तिवारी

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने सहभागियों शिक्षकों, विद्यार्थियों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के सुझावों को जान कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करने का भरोसा दिलाया। प्रो. कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके कार्यकाल में भारत ने विकास की नई बुलंदियों को हासिल किया। कुलपति ने कहा कि श्री वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर उनसे प्रेरणा लेते हुए विश्वविद्यालय में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न सहभागियों को खुले मंच पर आकर अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। कुलपति ने इस मौके पर सकारात्मक सुझावों पर योजनागत ढंग से कार्य करने की बात कही और कहा कि अवश्य ही इस संवाद के माध्यम से विश्वविद्यालय के प्रयासों को गति मिलेगी।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Dainik Jagran **Date: 26-12-2021**

कुलपति ने जाना सहभागियों के सुझावों व शिकायतों को

सुशासन दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के सहभागियों के सुझाव व समस्याएं सुनते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● साभार हकेंवि

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रशासनिक खंड स्थित आगंतुक कक्ष में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न सहभागियों शिक्षकों, विद्यार्थियों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के सुझावों व शिकायतों को जाना समझा और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करने का भरोसा दिलाया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके कार्यकाल में भारत ने विकास की नई बुलंदियों को हासिल किया। कुलपति ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर उनसे प्रेरणा लेते हुए विश्वविद्यालय में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। विभिन्न सहभागियों को खुले मंच पर आकर अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। कुलपति ने सकारात्मक सुझावों पर योजनागत ढंग से कार्य करने की बात कही और कहा कि इस संवाद के माध्यम से विश्वविद्यालय, समाज, राज्य के हित में विवि स्तर पर जारी विभिन्न प्रयासों को गति मिलेगी।

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 26-12-2021**

अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सभी के लिए प्रेरण स्त्रोत : कुलपति

महेंद्रगढ़। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रशासनिक खंड स्थित आगंतुक कक्ष में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न सहभागियों शिक्षकों, विद्यार्थियों, शिक्षणेतर कर्मचारियों के सुझावों व शिकायतों को जाना और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करने का भरोसा दिलाया। कुलपति ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके कार्यकाल में भारत ने विकास की नई बुलंदियों को हासिल किया। विभिन्न सहभागियों को खुले मंच पर आकर अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। कुलपति ने इस मौके पर सकारात्मक सुझावों पर योजनागत ढंग से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अवश्य ही इस संवाद के माध्यम से विश्वविद्यालय, समाज, राज्य व देश के हित में विश्वविद्यालय स्तर पर जारी विभिन्न प्रयासों को गति मिलेगी। संवाद

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Punjab Kesari **Date: 26-12-2021**

महेंद्रगढ़ (परमजीत, मोहन): भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।